# शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
## माध्यावधि परीक्षा अभ्यास पत्र (सत्र: 2026 -27)
## कक्षा: IV
## विषय: गणित

**अवधि:2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50**

**सामान्य निर्देश:**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं, खंड-अ, खंड-ब और खंड-स
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं

**खंड-अ**

**1.** (4x2=8)

निम्नलिखित महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों ने 200 वनडे (वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच) खेले हैं। नीचे उनके द्वारा बनाये गए रनों की संख्या दी गई हैं।

| | |
|---|---|
| डेबी हॉकले | 4064 |
| सूज़ी बेट्स | 5114 |
| कैरेन रोल्टन | 4814 |
| मिताली राज | 7805 |
| शारलेट | 6002 |

इस जानकारी के आधार पर सही विकल्प चुनें।

1) अधिकतम रनों को चुनिए ?

a) 4064
b) 5114
c) 4814
d) 7805

2) कौन सा रन सबसे कम है?

a) 5114
b) 4814
c) 4064
d) 7805

**3)0-9 में से कौन सा अंक खाली जगह में आएगा ताकि संख्या दी गई स्थिति को पूरा करे?**

**40__4 < 4014**

a) 0
b) 1
c) 2
d) 3

**4) किसके रन 2 इकाई + 6 हज़ार है?**

a) शारलेट

b) मिताली


c) डेबी

d) सूज़ी


**2.** **(4x2=8)**

**निम्नलिखित को ध्यान से पढ़ें।**

**ईशा ने नलिकाओं (स्ट्रॉ) से अलग-अलग कोने बनाए। हम कह सकते हैं कि दो स्ट्रॉ दो रेखाओं के सामान हैं जो एक बिंदु पर मिलती हैं। जब दो रेखाएँ मिलती हैं, तब वे एक कोण बनाती हैं।**



**हम योग की मुद्राओं में कई कोण देखते हैं।**




**इस जानकारी के आधार पर सही विकल्प चुनें।**

**1) इस घर के चित्र में कितने कोण हैं?**




a) 5
b) 6
c) 7
d) 8

**2) निम्नलिखित अक्षर में स्थित कोण की पहचान करें।**



a) न्यून कोण
b) अधिक कोण
c) समकोण
d) दो न्यून कोण

**3) निम्नलिखित आकृति को देखें।कोणों की संख्या की पहचान करें।**



a) 2 समकोण, 1 न्यून कोण और 1अधिक कोण
b) 1 समकोण, 2 अधिक कोण और 1 न्यून कोण
c) 2 अधिक कोण और 2 न्यून कोण
d) 4 समकोण

**4) न्यून कोण समकोण से ______________ है।**

a) अधिक
b) कम
c) बराबर
d) कोई सम्बन्ध नहीं

<table>
<tr>
<td>3.</td>
<td>
निम्नलिखित प्रश्नों को हल करें।<br><br>
1) दिए गए पैटर्न को पूरा करें:<br><br>
201, 203, 205, 207, ______, _________<br><br>
2) 12 से 16 के बीच विषम संख्याएँ लिखें।<br>
__________ ________<br><br>
3) निम्नलिखित संख्याओं को देखें।<br><br>
30 46 78 67 300 154 415 99<br><br>
विषम संख्याओं की पहचान करें। _______ ____________<br><br>
या<br><br>
301 से 305 के बीच सम संख्याएँ लिखें। __________ _____________<br><br>
4) बिना किसी अंक को दोहराए, अंकों 1 और 8 का उपयोग करके दो 2-अंकीय संख्या बनाएं। संख्याओं को सम या विषम के रूप में पहचानें।<br><br>
या<br><br>
बिना किसी अंक को दोहराए, अंकों 2 और 9 का उपयोग करके दो 2-अंकीय संख्या बनाएं। संख्याओं को सम या विषम के रूप में पहचानें।<br><br>
___________________ _________________
</td>
<td>(4x1=4)</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td>खंड-ब</td>
<td></td>
</tr>
<tr>
<td>4</td>
<td>
रिक्त स्थान भरें ताकि कुँए की गहराई समान हो।<br>
i) 2 मी. = ______ से.मी.<br>
ii) ___ मी. = 400 से.मी.<br>
iii) 6 मी. = ____ से.मी.<br>
iv) __ मी. = 800 से.मी.<br>
v) ____मी. = 900 से.मी.<br><br>
या
</td>
<td>5</td>
</tr>
</table>

गाँव के सरपंच ने अपने गाँव के कुछ कुओँ की गहराई दो अलग-अलग लोगों से मापवाई। सामान गहराई वाले कुओँ की पहचान करें और उनका मिलान करें।

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| 1) 1 मी. 40 से.मी. | a) 840 से.मी. |
| 2) 4 मी. 60 से.मी. | b) 140 से.मी. |
| 3) 2 मी. 30 से.मी. | c) 460 से.मी. |
| 4) 5 मी. 50 से.मी. | d) 230 से.मी. |
| 5) 8 मी. 40 से.मी. | e) 550 से.मी. |




**5.** **सत्य कथन के लिए कोष्ठक में T और असत्य कथन के लिए कोष्ठक में F लिखें।** **5**

1. 1/5 1/4 से बड़ा है ( )
2. 1/9 > 1/6 ( )
3. 1/6 1/8 से छोटा है ( )
4. एक पांचवां और एक पांचवां मिलकर कुल दो पांचवें बनेंगे ( )
5. 3/3 एक तिहाई के बराबर है ( )

## खंड-स

**6.** **डेज़ी और लाऊ अगली सुबह विद्यालयीय भ्रमण के लिए बस द्वारा प्रस्थान करते हैं। उनके विद्यालय से 24 शिक्षक और 438 बच्चे जा रहे हैं। एक पड़ोस के विद्यालय से 28 शिक्षक और 476 बच्चे भी उसी गाँव जा रहे हैं। बच्चों के साथ कितने शिक्षक जा रहे हैं?** **3**

**7.** **कल मम्मी ने कहा कि एक डिब्बे की बर्फियों को चार समान भागों में विभाजित करो। डिब्बे में 16 बर्फियाँ हैं। 16 बर्फियों का चित्र बनाइए और सम्पूर्ण का 1/4 ज्ञात कीजिए। प्रत्येक भाग में कितनी बर्फियाँ हैं?** **3**

| | | |
|---|---|---|
| **8.** | **चित्र को देखें और वस्तुओं के नाम लिखें। साथ ही यह भी लिखें कि वस्तु का कौन सा दृश्य दिया गया है।**<br> <br>नाम : ............ दृश्य : ............<br>नाम : ............ दृश्य : ............<br> <br>नाम : ............ दृश्य : ............<br>नाम : ............ दृश्य : ............ | **4** |
| **9.** | **रामू और श्यामू मापन फीते की सहायता से अपनी ऊँचाई माप रहे हैं। रामू अपनी ऊँचाई फीते पर 120 सेमी पढ़ता है और श्यामू इसे 1 मी 20 सेमी पढ़ता है। कौन सही है? दोनों के लिए संख्या रेखा बनाकर समझाएँ।**<br>**या**<br>**दी गई आकृतियों का परिमाप ज्ञात कीजिए ।**<br><br><br>**क्या इन आकृतियों की परिमाप समान है?___________** | **5** |

10

**कलाक्षितिज, एक जीवंत कला स्कूल में, निम्नलिखित संख्या में छात्र गायन और तबला बजाने की पढ़ाई कर रहे हैं। कुल छात्रों की संख्या का अनुमान लगाएँ और फिर उसे निकालें।**

| | तबला बजाने वाले | गायक | कुल |
|---|---|---|---|
| लड़के | 78 | 532 | ______ लड़के |
| लड़कियां | 95 | 346 | _____ लड़कियाँ |
| कुल | ____ तबला बजाने वाले | _____ गायक | |

**15 और लड़कियां संगीत स्कूल में शामिल होती हैं और वे तबला बजाना सीखना चाहती हैं। अब कितनी लड़कियां तबला बजाती हैं?**

**या**

**ये किताबें वकांडा गांव के सामुदायिक पुस्तकालय में हैं। बच्चे छुट्टियों के दौरान पढ़ने के लिए ये किताबें उधार लेते हैं।**

| **पुस्तक का नाम** | **पृष्ठ** |
|---|---|
| **स्वामी एंड फ्रेंड्स** | **179** |
| **पंचतंत्र** | **236** |
| **कराडी टेल्स** | **30** |
| **अकबर-बीरबल** | **96** |
| **ब्लू अम्ब्रेला** | **90** |
| **द कम्पलीट एडवेंचर्स ऑफ़ फेलुदा** | **128** |

**a) रमा ने गर्मी की छुट्टियों में पंचतंत्र की कहानियाँ पढ़ीं। केसु ने अकबर बीरबल, कराडी टेल्स और द ब्लू अम्ब्रेला पढ़ा। आपको क्या लगता है कि किसने अधिक पढ़ा? कितने अधिक पृष्ठ ?**

**b) सीमा ने द कम्प्लीट एडवेंचर्सऑफ़ फेलुदा के 23 पन्ने पढ़ लिए हैं। किताब पूरी करने के लिए अभी और कितने पृष्ठ बचे हैं?**

5